
**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**

# बरम से कनार तक पूरा मार्ग पड़ा है बदहाल

## गांव के ग्रमीण जोखिम भरा सफर करने को हो रहे मजबूर

**दिक्कतें**

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। आज के दौर में जहां लोग वाहनों के माध्यम से आसानी से इधर उधर पहुंचने में आसानी महसूस करते हो। वहा सीमांत जनपद से जुड़ी तहसील बंगापानी का बरम से लेकर कनार गांव बदहाल हो चुका है। बता दें कि मानसून काल में तीन बार की आपदा में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर ध्वस्त मार्ग की चार माह बीत जाने के बाद भी मरम्मत न होने से गांव के ग्रमीण जोखिम भरा सफर करने को मजबूर हो रहे है। आलम यह है कि सीमांत का अति दुर्गम गांव कनार की लगभग आज भी सात सौ की आबादी काल के ग्रस में जिदगी जीने को मजबूर हो रही है। बरम से कनार तक सोलह किमी मार्ग अभी भी पूरी तरीके से बदहाल स्थिति में पड़ा है।

जानकारी के मुताबिक बंगापानी का कनार गांव मुख्य सड़क से



सोलह किमी की चढ़ाई पर स्थित है। इस गांव का बाजार बरम है। बता दें कि बाजार जाने के लिए इलाके के ग्रमीणों को सोलह किमी पैदल चढ़ाई पार कर जान हथेली पर रखकर जरूरत के कामों के लिए जान हथेली पर रखकर चलना पड़ता है।

दूसरी ओर आलम यह है कि गांव के स्कूली छात्र छात्राओं को स्कूल पहुंचने के लिए बतीस किमी सफर का पैदल फेरा लगाना पड़ता है। वही इलाके के ग्रमीणों को गंभीर बीमारी के इलाज कराने हेतु सोलह किमी दूर बरम आने को मजबूर होना पड़ता है। वही अब तक कनार के ग्रमीणों ने पैदल मार्ग की मरम्मत न होने की वजह से खासी नाराजगी जाहिर की है।

गांव के ग्रमीणों ने कहा है कि यदि इस मार्ग को ठीक नही कराया गया तो इलाके के ग्रमीण प्रदर्शन करने को बाध्य होगे। चार माह बीत जाने के बाद भी इलाके के ग्रमीण रास्ते की मरम्मत के इंतजार में आज भी कयास लगाये बैठे हुए है। गांव के ग्रमीणों की नियति में यही लिखा है कि आज भी ये लोग जोखिम भरे रास्तों से आवाजाही करने को मजबूर हो रहे है। अब तक इस मार्ग की किसी भी जन प्रतिनिधि ने सुध नही ली है।

इस मामले पर धारचूला के उपजिलाधिकारी एके शुक्ला ने कहा कि कनार मामले की बदहाल स्थिति की सूचना संबधित महकमें को दे दी गई है। वही बहुत जल्द इस मार्ग की मरम्मत कर मार्ग को दुरूस्त करने के प्रयास कर दिये जायेगे।

## न्यूज डायरी

### विजेता खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत

**संवाददाता** देहरादून। देहरादून प्रीमियर लीग (फुटसल) 2020 फुटबाल टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया गया और इस अवसर पर विजेता बनी बालक मे मॉर्निंग स्टार एफसी और बालिका मे भी मॉर्निंग स्टार एफसी देहरादून के विंडलास रिवरवैली के फुटबाल ग्राउंड मे आयोजक कर्ता मयूर थापा और शशांक ममगांई के द्वारा आयोजित दून प्रीमियर लीग 7 ए साइड फुटसल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था जिसमे बालक मे 32 टीम और बालिका मे 8 टीम ने प्रतिभाग किया था। मुख्य अतिथि डॉ विरेन्द्र सिंह रावत एवं जिला फुटबॉल एसोसिएशन देहरादून के सचिव राजेंद्र रावत ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर फाइनल मैच मे बालिकाओं मे मॉर्निंग स्टार एफ सी ने कड़ी टक्कर देकर ग्रास रूट फाउंडेशन को 1–0 से हराया जिसमें बेस्ट प्लेयर मॉर्निंग स्टार की दिया राणा, और बेस्ट गोल कीपर ग्रास रूट की पवित्रा गुरुंग को दिया गया।

### रामगढ़िया सभा विश्वकर्मा दिवस पर नहीं सजाऐगी कथा कीर्तन दरबार

**संवाददाता** देहरादून ।रामगढ़िया सभा, देहरादून ने कार्यकारणी सभा की मीटिंग में सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि कोविड – 19 महामारी के चलते 15 नवम्बर को मनाये जाने वाले सभा द्वारा 58वें विश्वकर्मा दिवस पर कथा, कीर्तन दरबार का आयोजन नहीं करेंगी। सभा की बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया है कि 8 नवंबर को रामगढ़िया भवन में सवेरे 11.30 बजे सहज पाठ आरम्भ होंगे जिस के भोग 15 नवंबर 2020 विश्वकर्मा दिवस वाले दिन 11 बजे पड़ेगें एवं अरदास के पश्चात कार्यक्रम की समाप्ति होगी ।

### मारपीट मामले में हाईकोर्ट ने उत्तरकाशी के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को सस्पेंड किया

**संवाददाता** नैनीताल। हाईकोर्ट ने मारपीट करने व सरकारी वाहनों में तोड़फोड़ के आरोपों को बेहद गंभीरता से लेते हुए उत्तरकाशी के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नीरज कुमार को सस्पेंड कर दिया है। साथ ही उन्हें बागेश्वर जिले में अटैच कर दिया है। हाल ही में कोर्ट ने सेवा नियमावली के उल्लंघन को आधार बनाते हुए बच्ची के उत्पीड़न के केस में महिला न्यायिक अधिकारी को बर्खास्त कर दिया था।
हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल हीरा सिंह बोनाल की ओर से जारी आदेश अनुसार सीजेएम उत्तरकाशी नीरज कुमार ने 29 अक्टूबर की रात आठ बजे से 12 बजे तक घर में जमकर हंगामा किया था। परिजनों के साथ मारपीट व गालीगलौच करने का भी आरोप था। उन्होंने अपनी सरकारी गाड़ी के अलावा कलेक्ट्रेट में एसडीएम डूंडा व तहसीलदार भटवाड़ी के वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया था।

# किसानों की अनदेखी पर 19 को सीएम आवास घेरेगी भारतीय किसान यूनियन

### सरकार पर लगाया किसानों की अनदेखी का आरोप

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी पर किसानों की समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाते हुए भारतीय किसान यूनियन (तोमर) ने आगामी 19 नवम्बर को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेगी। यह जानकारी देते हुए भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. संजीव तोमर ने कहा कि यूनियन किसानों की अनदेखी का सहन नहीं करेंगी।

उत्तरांचल प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए तोमर ने कहा कि यूनियन केन्द्र सरकार के किसान विरोधी काले कानून का विरोध करती है। उत्तराखण्ड में किसानों के गन्ने का भुगतान 2–3 वर्षो से नहीं किया गया है। जिसका भुगतान कराने को लेकर भी किसान यूनियन मुख्यमंत्री के आवास का घेराव करेगी। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि 60 वर्ष की आयु होने पर 10 हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन के रूप में दिए जाएं। तोमर ने कहा कि गन्ना क्रय केन्द्रों के लिए भूमि उपलब्ध करायी जाए और गन्ना सीजन में ट्रक व ट्रॉली को नो एंट्री से अलग रखा जाए।

भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के प्रदेश अध्यक्ष सोमदत्त शर्मा ने पत्रकार वार्ता में बोलते हुए कहा कि प्रदेश के किसानों का उत्पीड़न कतई सहन नही किया जाएगा। उत्तराखण्ड की मण्डियों में किसानों को मण्डी समिति और आढ़ती की कमीशन से मुक्त किया जाए।

# समय पर उपचार मिल जाता तो बच जाती प्रसव पीड़िता की जान

### स्वास्थ्य विभाग पर लगाया आरोप,एएनएम सैंटर में उपचार मिलता तो बच जाती जान

**संवाददाता** पुरोला। समय पर उपचार न मिलने के कारण मोरी देवती गांव की 21वर्षीय प्रसव पीड़िता ने बुधवार को रोहडू ले जाते आराकोट के पास रास्ते में दम तोड़ दिया।

पीड़िता को मंगलवार रात से प्रसव का दर्द था जिसे लेकर परिजन व ग्रामीण बुधवार सुबह देवती से पांच किलोमीटर चारपाई पर लिटा कर एएनएम सेंटर ठडियार लाए पर एएनएम सैंटर बंद होने पर के चलते परिजन पीडिता को 18किमी दूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्यूणी ले गये। पीडिता की गंभीर हालत को देखकर चिकित्सकों ने महिला को हायर सैंटररेफर कर दिया,वहीं हिमांचल के रोहडू लेजाते पीडिता ने आराकोट के पास रास्ते में दम तोड दिया। ठडियार क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता विरेंद्र पंवार व पीडिता के पति अनील कुमार देवणाटा ने बताया कि मंगलवार देररात को उसकी पत्नी किरन 21 वर्ष को प्रसव पीडा हुई जिसे ग्रामीणों की मदद से बुधवार सुबह चारपाई पर पांच किमी पैदल एएनएम सैंटर ठडियार पंहुचाया गया पर सैंटरबंद होने से गाडी से 18 किमी दूर सामुदायिक स्वास्थ्यकेंद्र त्यूणी लेगये जंहा पीडिता की गंभीर हालत को देखकर डाक्टरों ने हायर सैंटर रेफर कर दिया।

पीड़िता के पति अनिल ने बताया कि देहरादून दूर होने व किरन की गंभीर हालत के कारण रोहडू ले गये किंतु रोहडू पंहुचनें से पहले रास्ते में ही पीड़िता ने दम तोड़ दिया। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 आरसी आर्य ने बताया कि गडूगाड सैंटर की एएनएम की महिनें में दो दिन टीकाकरण को ठडियार सैंटर में व्यवस्था की गई है।

# पुरोला के कांग्रेसियों ने सरकार पर लगाया अनु जाति के उत्पीड़न का आरोप

**संवाददाता**

- जूनियर–प्राथमिक स्कूलों के छात्रों की छात्रवृत्ति में बढोत्तरी की मांग
- अनु सूचित जाति व जनजाति के छात्रों को समय पर नहीं मिल रही छात्रवृत्ति

पुरोला। जिला कांग्रेस कमेटी यमुना घाटी पुरोला ने प्रदेश सरकार पर अनुसूचितजाति जनजाति के लोगों व छात्रों का शोषण करने का आरोप लगाया। कांग्रेसियों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर अनुसूचित जाति व जनजाति छात्रों के शोषण को बंद करने की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया है कि पूर्वर्ती सरकार की चलाई गई अनुसूचित जाति–जनजाति के लोगों के कल्याणर्थ चलाई योजनाओं का लाभ जाति के लोगों व छात्रों को नहीं मिल पा रहा है जिस कारण लोग लाभ विभिन्न से योजनाओं से वंचित हो रहे हैं।

अनुसूचित जाति–जनजाति के छात्रों को संस्थानों विद्यालयों में समय पर छात्रवृत्ति न मिलने के कारण समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिस कारण छात्र अपनी पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं, छात्रों को वर्तमान मैं अभी तक छात्रवृत्ति न मिलनें से विद्यार्थियों को पठन–पाठन व पढ़ाई सामग्री खरीदने में दिक्कतों का सामना करना पड रहा है वहीं प्राइमरी व जूनियर कक्षाओं में वर्षों से 5 सौ व 9 सौ रूपये प्रतिवर्ष छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है जोकि बहुत कम है किंतु वर्तमान सरकार ने अभी तक वर्षों के छात्रवृत्ति मानकों को नहीं बदला। अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों को समय पर वृद्धा विधवा ,विकलांग पेंशन नहीं मिल रही है जबकि विधवा महिलाओं की पुत्रियों के विवाह हेतु समाज कल्याण विभाग से मिलने वाली धनराशि भी आवेदन करने के बाद भी लोगों को योजना लाभ नहीं मिल रहा है।

ज्ञापन पर जिला अनुसूचित जाति अध्यक्ष प्रकाश कुमार,ब्लाक कांग्रेसध्यक्ष किसन सिंह रावत,विकास हिमानी,नारायणी चौहान, नगर अध्यक्ष जयेंद्र रावत व सुभाष कुमार, रिषांत बडोनी,भगतराम,जगदीश आदि कांग्रेसी मौजूद थे।

# भाजपा ने भी माना है कि प्राधिकरण की कोई आवश्यक्ता नहीः मर्तोलिया

**संवाददाता** पिथौरागढ़। विकास प्राधिकरण को हटाने के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के आगे आने पर आंदोलनकारी खुश है। आंदोलनकारियों ने कहा कि यह जनता की जीत है। भाजपा तथा प्रदेश सरकार ने आज तक जनता को प्राधिकरण से परेशान किया है, इसके लिए वह जनता से क्षमा मांगे। सरकार क्षमा मांगते हुए तत्काल प्राधिकरण को हटाँए। त्रिस्तरीय पंचायत संगठन के प्रदेश अध्यक्ष व जिपं सदस्य जगत मर्तोलिया ने बताया कि तीन सालो के जन आंदोलन के बाद आज भाजपा ने भी माना है कि प्राधिकरण की कोई आवश्यक्ता नहीं है। मर्तोलिया ने कहा कि जिस बात को हम आंदोलन में हमेशा कहते थे, उसे आज भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष कह रहे है।सवाल उठाया कि बूथ स्तर की पार्टी अपने को कहने वाली भाजपा को तीन साल के बाद इस प्राधिकरण के दूषप्रभाव की जानकारी मिली यह बात हैरान करने वाली है। मर्तोलिया ने कहा कि जनता ने इस विनाश प्राधिकरण के कारण जो जुल्म सहे है, उसके जख्मो का बदला तो वह जरुर लेगा।